मंगलवार
11 जुलाई 2023
डिजिटल संस्करण
# केशव टाइम्स
आपकी आवाज


बिहार में नवजात शिशु मृत्यु दर कम करने की जिम्मेदारी हम सबकी








## संविधान की धज्जियां उड़ा रही केंद्र व राज्य सरकार: बृजलाल

**एजेंसी/प्रयागराज**



उत्तर प्रदेश के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी सोमवार को संगम नगरी प्रयागराज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने केंद्र और प्रदेशी की बीजेपी सरकारों पर जमकर निशाना साधा और कई गंभीर आरोप लगाए। बृजलाल खाबरी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकारें संविधान की धज्जियां उड़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि कई ऐसे उदाहरण हैं, जिससे यह कहा जा सकता है कि संविधान खतरे में हैं। प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने बीजेपी सरकार पर कानून के उलट काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि, संविधान कुछ कह रहा है जबकि सरकारें कुछ और कह रही हैं। इस समय देश के संविधान पर संकट है और संविधान को खत्म करने की साजिश की जा रही है। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ अभियान शुरू कर को लेकर कहा कि कांग्रेस लोगों को जागरूक करने के लिए संविधान बचाओ संकल्प सभा आयोजित कर रही है।

**आदिवासी युवक के साथ हुई घटना शर्मनाक :** मध्य प्रदेश में बीते दिनों बीजेपी नेता द्वारा नशे की हाताल में एक आदिवासी युवक पर पेशाब कर दिया था। इस घटना को लेकर मध्य प्रदेश सहित पूरे देश में जमकर विवाद हुआ। इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बृजलाल खाबरी ने कहा कि मध्य प्रदेश में आदिवासी युवक के साथ शर्मनाक घटना हुई। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इस मामले में आरोपी के खिलाफ संविधान के तहत एफआईआर तक दर्ज नहीं की गई।

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बृजलाल खाबरी ने दावा किया कि 2024 में देश में कांग्रेस की ही सरकार बनेगी। चुनावों से पहले गठबंधन के सवाल पर कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस पर कोई फैसला करेंगे। सब्जी और दूसरी सामानों की कीमतों में बेतहाशा इजाफे के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कालाबाजारी और जमाखोर को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार का मुनाफाखोरों पर कोई अंकुश नहीं रह गया है। यूनिफॉर्म सिविल कोड पर उन्होंने कहा कि बीजेपी को यूसीसी से पहले देश की मंहगाई और बेरोजगारी पर चर्चा करनी चाहिए।

## विधायकों की फोन टैपिंग करा रहे नीतीश: सुमो

**पटना।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आरजेडी विधान पार्षद सुनील कुमार सिंह के बीच तीखी बहस से साफ है कि आरजेडी और जेडीयू के बीच परस्पर अविश्वास गहरा हुआ है। कौन किसके संपर्क में है और किससे किसकी क्या बात हुई, यह सब अगर मुख्यमंत्री को पता है तो लगता है विधायकों के फोन टैप कराए जा रहे हैं। खुफिया विभाग के जरिए सब पर निगरानी रखी जा रही है। आरजेडी और जेडीयू को लेकर सुशील कुमार मोदी ने कहा कि महागठबंधन सरकार बनने के 11 महीने बाद न आरजेडी को नीतीश कुमार स्वीकार्य हैं और न जेडीयू को तेजस्वी यादव को सत्ता सौंपना मंजूर है। आरजेडी के लोग लालू प्रसाद के चेहरे पर और जेडीयू के लोग बीजेपी के वोट एवं पीएम मोदी के चेहरे पर चुनाव जीते हैं। सरकार बनाने वाले दोनों प्रमुख दलों में कोई भी नीतीश कुमार के चेहरे पर चुनाव नहीं जीता है। सुशील कार मोदी ने आगे कहा कि आरजेडी एमएलसी सुनील सिंह से हमारे मतभेद हो सकते हैं, लेकिन 27 साल से वे लालू प्रसाद यादव के विश्वास पात्र हैं। कभी उन्होंने पलटी नहीं मारी। उन्होंने कहा कि सुनील सिंह जैसे व्यक्ति की निष्ठा पर नीतीश कुमार कैसे सवाल उठा सकते हैं, जिनकी रैंकिंग अविश्वसनीय नेताओं में की जाती है।

## पीएम को लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से किया जाएगा सम्मानित

**एजेंसी/नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अगले महीने एक अगस्त को पुणे में लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। पीएम मोदी के शानदार नेतृत्व और नागरिकों में देशभक्ति की भावना जगाने के लिए उन्हें यह अवॉर्ड दिया जा रहा है। आयोजनकर्ता ट्रस्ट के अध्यक्ष दीपक तिलक ने कहा किलोकमान्य तिलक की 103वीं पुण्यतिथि पर 1 अगस्त को तिलक स्मारक मंदिर ट्रस्ट (हिंद स्वराज संघ) प्रधानमंत्री मोदी को लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित करेगा। प्रधानमंत्री ने नागरिकों में देशभक्ति की भावना जगाई और भारत को वैश्विक मानचित्र पर स्थापित किया। उनकी दृढ़ता और प्रयासों पर विचार करते हुए और उनके काम को रेखांकित करने के लिए उन्हें इस पुरस्कार के लिए चुना है। आयोजकों ने कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार को पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। इसके साथ ही महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार को भी आमंत्रित किया गया है।

इन नेताओं को ऐसे समय पर आमंत्रण गया है जब अपने चाचा शरद पवार से बगावत कर अजित पवार ने महाराष्ट्र सरकार से हाथ मिला लिया है। उनके उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने और एनसीपी पर दावा करने के बाद से ही महाराष्ट्र में राजनीतिक उठापटक जारी है। इस सियासी खींचतान के बीच अब पीएम मोदी, एकनाथ शिंदे, अजित पवार और शरद पवार एक ही मंच पर नजर आ सकते हैं। यह पुरस्कार हर साल लोकमान्य तिलक की पुण्यतिथि 1 अगस्त को लोकमान्य तिलक ट्रस्ट की तरफ से दिया जाता है। समाजवादी नेता एसएम जोशी, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, डॉ मनमोहन सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को इससे सम्मानित किया जा चुका है।

### खबरें फटाफट

## आरजेडी की सरकार में समाज में बढ़ते हैं असामाजिक तत्व

**समस्तीपुर।** जन सुराज पदयात्रा के प्रशांत किशोर एक तरफ जहां बीजेपी, आरजेडी, जेडीयू और कांग्रेस के नेताओं पर हमला बोल रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर चुनाव में लोगों से सही व्यक्ति को चुनने की अपील कर रहे हैं। पदयात्रा के दौरान सोमवार को पीके ने कहा कि महागठबंधन बना था तब से लोगों के मन में आशंका है कि कानून व्यवस्था बिहार में बिगड़ेगी। कानून व्यवस्था की स्थिति महागठबंधन से पहले भी बहुत अच्छी नहीं थी। दूसरा कारण यह है कि जो यहां का गृह विभाग है वो मुख्यमंत्री के अधीन है। कहीं न कहीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का फोकस शासन-प्रशासन व्यवस्था पर नहीं है। प्रशांत किशोर ने कहा कि सीएम अपनी राजनीतिक मजबूरियों के कारण लाभ में पड़े हुए हैं। कभी भागकर इधर, तो कभी पलटकर उधर। जब आपका पूरा समय इस पर लगा हुआ है कि कौन सा राजनीतिक जोड़ बनाएं, किसको जोड़ें, किसको हटाएं, कैसे सरकार बचाएं, कैसे कुर्सी बचाएं, तो आपके पास समय कहां हैं कि आप कानून व्यवस्था देखिएगा। प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था बिगड़ने के लिए दूसरी वजह है ”शराबबंदी का कानून”। सरकार द्वारा ये जो शराबबंदी का कानून लागू किया गया है इससे सिर्फ शराब की दुकानें बंद हुई, लेकिन घर-घर बिक रही है। पूरे प्रशासन की प्राथमिकता शराबबंदी हो गई है।

### इस बार मनाली-सोलन में बारिश ने तोड़ा 50 साल का रिकॉर्ड

# हिमाचल प्रदेश में 24 घंटे में 15 मौतें भू-स्खलन के कारण 828 रोड बंद

**एजेंसी/शिमला**



हिमाचल प्रदेश में बीते तीन दिन से जैसे मॉनसून का रौद्र रूप दिख रहा है, वैसा नजारा पहले कभी नहीं दिखा। हालात बेकाबू हो गए हैं। लगातार बारिश ने जल थल एक कर दिया है। हिमाचल में भारी वर्षा से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सोमवार दोपहर तक मिली जानकारी के अनुसार, छह जिलों में बाढ़ की चेतावनी जारी की गई है। बारिश की वजह से पिछले 24 घंटों में 15 लोगों की मौत हो गई है। इस दौरान भूस्खलन से छह नेशनल हाईवे सहित 828 सड़कें बंद हैं। इसी तरह 4686 बिजली ट्रांसफार्मर और 785 पानी की स्कीमें ठप्प हो गई है। मनाली, सोलन और रोहड़ू में बारिश ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

दरअसल, हिमाचल प्रदेश में लगातार तीसरे दिन से तेज बारिश का सिलसिला जारी है। भारी वर्षा से राज्य में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। व्यापक वर्षा को देखते हुए सरकार ने सभी शिक्षण संस्थानों में सोमवार और मंगलवा के लिए अवकाश घोषित किया गया है। इसके अलावा हिमाचल हाईकोर्ट और सभी जिला अदालतों में भी सोमवार को अवकाश कर दिया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक सुरेंद्र पॉल ने बताया कि अगले 24 घण्टों में भी भारी बारिश की आशंका है। छह जिलों चम्बा, कूल्लु, शिमला, सिरमौर, सोलन और मंडी में बाढ़ की चेतावनी दी गई है। जुलाई माह में पिछले 24 घंटों के दौरान मनाली, सोलन व रोहडू में बारिश ने पिछले 50 साल के रिकार्ड तोड़े हैं।

**कोटगढ़, ठियोग और न्यू शिमला में 24 घंटे में 4 लैंडस्लाइड :** शिमला जिले में कुल 9 लोगों की मौत हुई है। कोटगढ़, ठियोग और न्यू शिमला में 24 घंटे में 4 लैंडस्लाइड हुए हैं। यह सब लैंडस्लाइड घरों पर हुए हैं. इसकी वजह से कोगढ़ में मां-पिता, बेटा, ठियोग में 5 लोग और न्यूज शिमला में एक युवती की मौत हुई है. कुल्लू के निरमंड में कार हादसे में 4 लोगों की जान गई है। चंबा और कुल्लू में महिला और पुरुष की मौत भी हुई है. मंडी और कुल्लू में तबाही हुई है। चंडीगढ़ मनाली नेशनल हाईवे बंद है। लेह मनाली, शिमला हाटकोटी रोहड़ू सहित छह हाईवे बंद हो गए हैं। हिमाचल प्रदेश में पिछले 48 घंटे से लगातार हो रही भारी बारिश से जन-जीवन व्यापक तौर पर प्रभावित हुआ है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू राहत एवं बचाव कार्यो की स्वयं निगरानी कर रहे हैं और प्रदेश तथा जिला प्रशासन के साथ निरन्तर सम्पर्क में हैं। ताकि आपातकाल की स्थिति में लोगों को समय पर मदद पहुंचाई जा सके।

### सीएम ने प्रधानमंत्री को कराया स्थिति से अवगत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश में भारी वर्षा तथा बाढ़ के कारण हुए जान व माल के नुकसान के संबंध में आज मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से दूरभाष पर बात की तथा स्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने उन्हें बताया कि प्रदेश बाढ़ तथा भारी वर्षा से बुरी तरह प्रभावित है जिससे भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रधानमंत्री को अद्यतन स्थिति से अवगत करवाया तथा इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए केंद्र सरकार से उदार सहायता का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को बताया कि प्रदेश सरकार स्थिति की गहन निगरानी कर रही है तथा प्रदेश में भारी वर्षा, बाढ़ तथा भूस्खलन के कारण सड़क, जल तथा बिजली आपूर्ति को भारी नुकसान हुआ है। इस आपदा के कारण 17 व्यक्तियों की मृत्यु दर्ज की गई है तथा प्रदेश में हजारों करोड़ रुपये का माली नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि भारी वर्षा के कारण पूरा राज्य प्रभावित हुआ है तथा प्रदेश सरकार बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है।




### बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री से की मुलाकात

# पश्चिम बंगाल के 19 जिलों के 696 केंद्रों पर हुआ पुनर्मतदान

**एजेंसी/कोलकाता**



पश्चिम बंगाल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 8 जुलाई को मतदान हुआ था। इस दौरान राज्य के अलग-अलग हिस्सों में हिंसा हुई। जिसके बाद कई बूथों पर 10 जुलाई को फिर से वोटिंग कराई गई। अब मंगलवार को पंचायत चुनाव के नतीजे जारी किए जाएंगे। इस बीच बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की है। राज्यपाल ने गृह मंत्री को हिंसा पर रिपोर्ट सौंपी है। उन्होंने इस मुलाकात के बाद कहा कि रोशनी से ठीक पहले अंधकार होता है। आज मुझे जो एकमात्र संदेश मिला वह यह है कि अगर सर्दी का मौसम आता है तो क्या वसंत बहुत पीछे रह सकता है? आने वाले दिनों में अच्छा होगा।

बताते चलें कि पश्चिम बंगाल के 19 जिलों के 696 मतदान केंद्रों पर सोमवार को फिर से मतदान हुआ। इन बूथों पर चुनावी हिंसा के बाद मतदान रद्द घोषित कर दिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि पुनर्मतदान के दौरान कहीं से भी किसी बड़ी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। मतपेटियों से छेड़छाड़ के आरोपों और हिंसा में 18 लोगों की मौत के बीच राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) ने पुनर्मतदान का आदेश दिया था।

पंचायत चुनाव के वोटों की गिनती मंगलवार सुबह 8 बजे शुरू होगी। सभी मतगणना केंद्रों पर केंद्रीय बलों की तैनाती होगी और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। चुनाव आयोग ने कहा है कि पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षर और मतपत्र के पीछे चिपकाए गए विशिष्ट चिह्न रबर स्टाम्प के बिना मतपत्र अवैध माने जाएंगे और वैध नहीं गिने जाएंगे। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए शनिवार को 61,000 से अधिक मतदान केंद्रों पर मतदान हुआ था। जिसमें 80.71 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इस दौरान कई जगहों पर मतपेटियां लूट ली गईं या उनमें आग लगा दी गईं और उन्हें तालाबों में फेंक दिया गया।

बीजेपी ने चार-सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग कमेटी गठित की है जो बंगाल के उन क्षेत्रों का दौरा करेगी जहां पंचायत चुनावों के दौरान हिंसा हुई। पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद को इस कमेटी का संयोजक बनाया गया है। इसके सदस्यों में सत्यपाल सिंह, सांसद राजदीप रॉय और रेखा वर्मा शामिल हैं। तीनों नेता लोकसभा के सांसद हैं। ये समिति जल्द से जल्द अपनी रिपोर्ट बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौंपेगी।

## खबरें फटाफट

### सेविका सहायिका ने प्रदर्शन किया

**अरवल।** आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ ने अपनी मांगों को लेकर सरकार के विरुद्ध जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नीलम कुमारी ने की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि 12 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। 45 वें और 46 वें भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिशों के अनुसार सभी आंगनबाड़ी सेविका सहायिका को न्यूनतम वेतन ईएसआई, पीएफ, अनुग्रह राशि और पेंशन सहित समाजिक सुरक्षा सरकार प्रदान करें। आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं के लिए ग्रेच्युटी से संबंधित सुप्रीम कोर्ट के आदेश को तुरन्त लागु करें, समान सेवा शर्तों को सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त निकाय का गठन करें, संगठन बनाने और ट्रेड यूनियन अधिकारों की स्वतंत्रता सुनिश्चि करें, अच्छी गुणवता वाले मोबाइल फोन, नेटवर्क उपलब्धता और डेटा पैक तथा क्षेत्रिय भाषाओं में उपलब्ध कराये। बगैर पोषण ट्रैकर को लागू करने के लिए आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं का उत्पीड़न न किया जाये।

### वन महोत्सव पर डीएम ने किया पौधरोपण

**अरवल।** डीएम वर्षा सिंहने पौधरोपण कर वन महोत्सव का शुभारम्भ किया। डीएम ने बताया कि पेड़ पर्यावरण के फेफड़े होते हैं एवं पर्यावरण को संतुलित रखते है। अतः इसका संरक्षण अत्यावश्यक है। हाल-फिलहाल में आए जलवायु में परिवर्तन के लिए भी पेड़ों की कमी ही कारक है। वृक्षों एवं वनस्पतियों की कमी के कारण वायु में आर्दता की कमी हो जाती है, जिसका कुप्रभाव बारिश पर पड़ता है। वनस्पतियों की कटाई एवं संरक्षण न करने से हवा में कार्बन डाई ऑक्साईड गैस की बढ़ोतरी हो जाती है, जिससे पृथ्वी के सतह का तापमान बढ़ जाता है। डीएम ने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को इस योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया।

### डॉक्टरों व नर्सों को प्रशिक्षित करने के लिए राज्यभर में चलाया जाएगा अभियान

# बिहार में नवजात शिशु मृत्यु दर कम करने की जिम्मेदारी हम सबकी: सीएस

**केटी न्यूज/बक्सर**

नवजात शिशुओं के मृत्यु दर कम करने के लिए नवजात शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत जिला स्वास्थ्य समिति के सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद सिन्हा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। तत्पश्चात सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में नवजात शिशुओं के मृत्यु दर को कम करने के लिए राज्य स्वास्थ्य समिति, पाथ और आईएपी के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जो बक्सर समेत पूरे राज्य में चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बिहार राज्य में नवजात शिशुओं के मृत्यु दर में कमी लाना है। उन्होंने बताया कि राज्य में फिलवक्त एक हजार बच्चों में 21 की मौत हो जाती है। जिसे कम करते हुए 2030 तक हमे 12 पर लाना है। राज्य के इस लक्ष्य को पूरा करने में



बक्सर जिले की भी जिम्मेदारी है। जिसे हमें हरहाल में पूरा करना है। जिसके बाद प्रशिक्षण शिविर के तहत पहले दिन दो-दो के ग्रुप में चिकित्सकों को कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

**नवजात मृत्यु से निपटने इन विषयों पर होगी ट्रेनिंग:** पाथ के चंदन कुमार ने बताया कि राज्य में नवजात शिशु मृत्यु से निपटने के लिए प्रसव के उपरांत नवजात में होने वाली जटिलताओं के बेहतर प्रबंधन को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। समय से पूर्व जन्म लेने वाले बच्चे, बीमारी तथा कमजोर नवजात के लिए हाईपोथर्मिया, शरीर का ठंडा रहना, वजन कम होना आदि जटिलताओं के निवारण के लिए कंगारू मदर केयर तकनीक का प्रभावी तरीके से इस्तेमाल, नवजात का शीघ्र स्तनपान प्रारंभ कराना इस प्रशिक्षण के महत्वपूर्ण बिंदू हैं। इसके अलावा नवजात का शारीर नीला-पीला पड़ना, नवजात के दवारा स्तनपान नहीं कर पाना, बार-बार उल्टी करना, अच्छी तरह ढंके होने के बावजूद शारीर का ठंडा पड़ना, संक्रमण से बचाव आदि को लेकर प्रशिक्षण के मुख्य हिस्सा होंगे। जिलास्तर के बाद प्रशिक्षण में प्रखंड स्तर के स्टाफ नर्सों और एएनएम को भी शामिल किया जाएगा।

पहले दिन के प्रशिक्षण के अंत में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राज किशोर सिंह ने इंडियन एकेडमी ऑफ पेडीएट्रिक (आईएपी) के ट्रेनर्स को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस दौरान एसीएमओ डॉ. शैलेंद्र कुमार, डीएस डॉ. आरएस गुप्ता, डीपीएम मनीष कुमार, डीएमएनई अमित अंकुर, प्रशिक्षकों में समस्तीपुर के जिला स्वास्थ्य समिति के एसएमओ डॉ. राजेश, पाथ के सिद्धांत कुमार समेत जिलास्तर के चिकित्सक मौजूद रहे।

#### रेफरल मामलों में कमी लाने का होगा प्रयास

प्रशिक्षण के क्रम में नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (एनएसएमसीएच) के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नीतीश कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से बक्सर जिले के चिकित्सकों और स्टाफ नर्सों जो प्रसव कराने का कार्य करते है उनको प्रसव के दौरान आने वाली जटिलताओं और बाधाओं को दूर करने के लिए दक्ष बनाया जाएगा। जिससे रेफरल मामलों में कमी आ सके। इसके कारण एसएनसीयू पर दबाव कम आएगा। उन्होंने बताया कि एनएफएचएस 5 के अनुसार बिहार में नवजात शिशु मृत्यु दर प्रति एक हजार जीवित जन्म पर 34.5 है, जबकि एनएफएचएस 4 में यह प्रति एक हजार जीवित जन्म पर 36.7 था। नवजात मृत्यु दर की गणना प्रति एक हजार जीवित जन्म पर एक वर्ष से कम आयु में मरने वाले बच्चों की संख्या के रूप में की जाती है। जिसे और भी कम करने की जरूरत है।

## संदिग्ध परिस्थिति में मिला प्रॉपर्टी डीलर का शव, सड़क जाम, हंगामा



**केटी न्यूज/आरा**

जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव स्थित लकड़िया पुल के समीप सोमवार की सुबह एक प्रॉपर्टी डीलर की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गयी। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाये जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक टाउन थाना क्षेत्र के बलबतरा वार्ड नंबर तीन में रहने वाले विष्णु शंकर सिंह थे। वह सुबह करीब छह बजे जमीन के काम के सिलसिले में घर से निकले थे। परिजनों ने चाकू मारकर उनकी हत्या का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस शुरूआती जांच में सड़क हादसे में मौत होने की आशंका जता रही थी।

इधर, प्रॉपर्टी डीलर की मौत के बाद उनके परिजन और ग्रामीण सड़क उठे। गुस्साए लोग शव के साथ सड़क पर उतर गये और आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर न्यू अल-हफीज कॉलेज के समीप सड़क जाम कर दिया गया। टायर जलाकर प्रदर्शन और नारेबाजी की गयी।

उस कारण वाहनों की कतारें लग गयी और आरा-सलेमपुर मार्ग पर करीब 2.5 घंटों तक आवागमन बाधित रहा। सूचना मिलने थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह और दारोगा मनीष कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। अफसरों द्वारा लोगों को किसी तरह समझाकर ग्रामीणों के गुस्से को शांत कराया गया। थानाध्यक्ष द्वारा मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उसके बाद लोगों का गुस्सा शांत और शव दाह-संस्कार के लिए गांव ले गए। इधर, पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद हादसा और हत्या दोनों एंगल से जांच कर रही है।

## नाबालिग के साथ गैंगरेप मामले में दो को 20-20 साल का सश्रम कारावास

**केटी न्यूज/आरा**

पॉस्को के विशेष न्यायाधीश सह एडीजे षष्टम अरविंद कुमार सिंह ने सोमवार को 17 वर्षीय नाबालिक लड़की के साथ गैंगरेप करने के एक मामले में दो आरोपियों को 20-20 वर्ष के सश्रम कैद व 50-50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। साथही सरकार को 5 लाख रुपया मुआवजा के रूप में पीड़िता को देने का आदेश दिया। वहीं, दूसरी ओर एक अलग मामले में अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी करने को लेकर उक्त कोर्ट ने आरोपी उमेश पांडेय को दो वर्ष की कैद व 20 हजार रुपया अर्थदंड की सजा सुनाई।

अभियोजन की ओर से पॉस्को के विशेष लोक अभियोजक सरोज कुमारी ने बहस की थी। उन्होंने बताया कि 29 अक्टूबर 2016 को कोईलवर थाना क्षेत्र के 17 वर्षीय पीड़िता आधार कार्ड बनवाकर घर लौट रही थी। रास्ते में गीधा पेपर मिल तालाब के पास खड़े तीन लड़को ने उसे पीछे से पकड़कर दुष्कर्म करने लगे। किसी तरह पीड़ित चिल्लाई तो लोग जुटे और बड़हरा कृष्णागढ़) थाना क्षेत्र के उदयभानपुर गांव निवासी चंदन कुमार को लोगों ने पकड़ लिया। दो लड़के भाग गए। थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। अभियोजन की ओर से कोर्ट में 6 गवाहों की गवाही हुई थी। सजा के बिंदु पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोषी पाते हुए आरोपी चन्दन कुमार व बड़हरा थाना क्षेत्र देवरथ गांव निवासी गोलू सिंह पिता महेश सिंह को बीस-बीस वर्ष के सश्रम कैदे व कुल 50-50 हजार अर्थदंड लगाया है। वहीं, सरकार को 5 लाख मुआवजा पीड़िता को देने का आदेश दिया।

## धारदार हथियार से हमला कर किसान की हत्या

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के तरारी थाना क्षेत्र के सेदहां गांव में रविवार की रात एक बुजुर्ग किसान की बेरहमी से हत्या कर दी गयी। जिसमें हमलवारों ने पीछे से धारदार हथियार से गर्दन और सर पर वार कर किसान की हत्या कर दी। देर रात खाने के बाद वह सोने के लिए अपने नए मकान में सोने जा रहे थे। उनका शव सोमवार की सुबह गांव की गली से बरामद हुआ। मृतक का नाम हरिनारायण सिंह बताया जा रहा है। उनके बेटा मनोज सिंह झारखंड के ठेकेदारी करता है। बुजुर्ग किसान हत्या की खबर से गांव में सनसनी मच गयी। सूचना मिलने पर एसडीपीओ राहुल सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और छानबीन शुरू की। उन्होंने किसान के परिजनों से घटना की पूरी जानकारी ली। अपराधियों की पहचान करने के लिए हत्या का क्लू खोजने के लिए एसडीपीओ ने घंटों सीसीटीवी फुटेज खंगाला।

एसपी की पहल पर एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम भी मौके पर पहुंची। दोनों टीमों द्वारा भी घटना की तफ्तीश की गयी। फिलहाल हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। छानबीन करने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं, एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि छानबीन की जा रही है। उसके लिए पीरो एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित कर दी गयी है। वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान किया जा रहा है। उसके लिए फॉरेंसिक एक्सपर्ट और डॉग स्क्वायड की टीम भी बुला ली गई है। प्रारंभिक जांच में आसपास के लोगों से आपसी रंजिश में हत्या की बात सामने आ रही है।

**परिजन बोले नहीं था कोई विवाद :** किसान के छोटे भाई श्याम नारायण सिंह ने बताया कि उनके भाई प्रतिदिन की तरह रविवार की रात भी खाना खाने के बाद नये मकान में जाने के लिए निकले थे। उन्होंने कहा कि उनके भाई और परिवार का गांव में किसी से दुश्मनी नहीं थी। उन्होंने गांव के किसी व्यक्ति पर आरोप नहीं लगाया गया है। इधर, पुलिस का मानना है कि किसी आपसी रंजिश में गांव के लोगों ने ही हत्या की गयी है।

## पहली सोमवारी के अवसर पर बराबर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**जहानाबाद।** मखदुमपुर प्रखंड के वाणावर स्थित सिद्धेश्वरनाथ पर जलाभिषेक के लिए प्रथम सोमवारी के अवसर पर, हजारों की संख्या में भक्त लोग पहुंचे। पहाड़ की चोटी पर स्थित पौराणिक शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए सुबह से ही भक्तों का आना शुरू हो गया था। मंदिर जाने के तीनों रास्ते पताल गंगा, गायघाट और बामन सीढ़ी भक्तों के गगनभेदी नारे बोल बम हर हर महादेव से गूंज रहे थे। गर्मी को देखते हुए सुबह 10 बजे तक अधिक भीड़ थी। उसके बाद भीड़ में तेजी से कमी आई। हालांकि श्रद्धालुओं का आना दिन भर लगा रहा। भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन समिति के द्वारा विशेष इंतजाम किए गए थे। जलाभिषेक कर सकें। मंदिर परिसर में प्रवेश के लिए महिला एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग पंक्तियां लगाई गई थी। मंदिर परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पातालगंगा जाने वाले रास्ते में भक्तों की भीड़ अधिक होने के कारण प्रशासनिक व्यवस्था अधिक थी। सभी चयनित जगहों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती थी।






## खबरें फटाफट

### सदर अस्पताल में बनेगा बायोवेस्ट भंडारण शेड

**बक्सर।** जिले में अब खुले में बायोवेस्ट फेंका नहीं मिलेगा। स्वास्थ विभाग द्वारा सदर अस्पताल में बायो वेस्ट के भंडारण तथा उसके निस्तारण के लिए शेड बनवाया जा रहा है। बता दें कि सदर अस्पताल में बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण एक समस्या बना हुआ है। जिसपर पहल करते हुए सदर अस्पताल द्वारा शीघ्र ही एक शेड तैयार कराया जाएगा। बता दें कि बायो वेस्ट का पृथक्कीकरण नहीं होने के कारण निस्तारण करने वाली एजेंसी ने उठाव बंद कर दिया था। जिसके कारण खुले में मेडिकल वेस्ट परिसर में ही भंडारण जगह पर प्रतिदिन निस्तारित हो रहा था। जिससे बदबू आने लगी थी। इस संबंध में अस्पताल प्रबंधक दुष्यंत सिंह ने बताया कि बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण को लेकर पहल शुरू कर दिया गया है। शीघ्र ही नया शेड बनाया जाएगा।

### महिलाओं का किया गया एएनसी जांच

**केसठ।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सोमवार को स्थानीय पीएचसी में सोमवार को एक शिविर आयोजित कर गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व एएनसी जांच की गई। इसकी जानकारी देते हुए पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनय कुमार ने बताया कि सभी 37 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच के क्रम में महिला चिकित्सकों द्वारा रक्तचाप, वजन, ब्लड ग्रुप, हिमोग्लोबिन, थायराइड, आरबीएस, आरएच समेत सभी तरह की जांच की गई। एएनएम बाला कुमारी ने गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच करते हुए गर्भवती के दौरान खानपान में विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। गर्भवती महिलाओं को साफ सफाई के प्रति भी जागरूक किए एवं पोषण संबंधित सामग्री जैसे आयरन की गोलियां कैल्शियम गोलिया, केला, सेब सहित अन्य प्रकार की सामग्री वितरण किया गया।

### बंद रहता पशुपालन विभाग का कार्यालय

**नावानगर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पशुपालन विभाग कार्यालय अक्सर बंद रहता है। जिससे पशुओं के बीमार पड़ने पर पशुपालकों को इलाज के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। सोमवार को इसकी बानगी देखी गई। जहां पशुपालन विभाग के कार्यालय बंद था। अमीरपुर के पशुपालक सुनील कुमार, अतिमी के सुरेश बिंद, रुपसागर के मनोज सिंह, नावानगर के रोहित कुमार ने बताया कि पशुओं के बीमार होने पर उचित सलाह के लिए प्रखंड स्थित पशुपालन विभाग कार्यालय वे पहुंचते हैं। पर हमेशा बंद पाया जाता है। ऐसे में पशुओं को ईलाज निजी चिकित्सक से कराने पर मजबूत होना पडता हैं। साथ ही प्राइवेट चिकित्सक से बीमार पशु की इलाज कराने में अधिक खर्च हो जाती है। पशुपालकों ने बताया हमेशा बंद पड़े पशुपालन विभाग कार्यालय के संबंध में डीएम से पशुपालकों की एक शिष्टमंडल मिलकर इसकी शिकायत करेंगे।

### ब्रह्मपुर के बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ शिव मंदिर में सुबह के 10 बजे तक लगी रही लंबी कतार

# पहली सोमवारी पर शिवालयों में गूंजते रहा बोलबम, भक्तों ने किया जलाभिषेक



**केटी न्यूज/बक्सर**

पवित्र सावन माह की पहली सोमवारी पर शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ा रहा। अहले सुबह से ही शिवालयों में शिवभक्तों द्वारा जलाभिषेक शुरू कर दिया गया था। शिवालयों में सुबह के दस बजे तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। इस दौरान बोल बम व जय शिव के नारों से इलाका गूंजायमान रहा।

सबसे अधिक भीड़ ब्रह्मपुर स्थित बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ शिव मंदिर में देखने को मिली। इस मंदिर में सुबह तीन बजे से ही श्रद्धालुओं का जमावड़ा लग गया था और पट खुलते ही जलाभिषेक का जो दौर चालू हुआ वह दोपहर तक जारी रहा। सुबह के दस बजे तक मंदिर में तिलभर भी जगह नहीं बची थी। इस मंदिर में प्रत्येक सोमवार पर कांवरियों के अलावे लाखों श्रद्धालु आते है। जिस कारण प्रशासन काफी मुश्तैद रहा। बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे। कुल चार कंट्रोल रूम के सहारे प्रशासन

■ **बक्सर के गौरीशंकर शिवमंदि, नाथ मंदिर, डुमरांव के जंगलीनाथ शिव मंदिर भी रहे गुलजार**

इसकी निगाहबानी करते रहा। जबकि मंदिर व बाजार में भीड़ नियंत्रित करने के लिए कई जगहों पर ड्राप गेट तथा वाहन पार्किंग बनाए गए थे। बावजूद भीड़ के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। वही बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ को जलाभिषेक करने के लिए पूरी रात एनएच 922 पर कांवरियां श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालु बक्सर के रामरेखा घाट से जल लेकर एनएच 922 के सहारे पैदल करीब 40 किलोमीटर की दूरी तय कर ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर पहुंच जलाभिषेक कर रहे थे। यह सिलसिला प्रत्येक सोमवारी को जारी रहेगा।

**अन्य शिवालयों में भी उमड़े रहे श्रद्धालु :** बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ शिव मंदिर के अलावे बक्सर के गौरीशंकर शिव मंदिर, नाथ बाबा शिव मंदिर, डुमरांव के जंगलीनाथ शिव मंदिर, महरौरा शिव मंदिर, लंगटू महादेव शिव मंदिर, कचईनियां के कंचनेश्वर धाम शिव मंदिर, मुंगाव के मुंगेश्वरनाथ शिव मंदिर, नया भोजपुर के झरनेश्वर शिव मंदिर, राजगढ़ के प्रांगण स्थित शिव मंदिर, रेलवे स्टेशन के पास स्थित शिव मंदिर आदि मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहली सोमवारी पर पूजा अर्चना करने पहुंचे थे।

**चप्पे चप्पे पर मुश्तैद रहा प्रशासन :** सावन की सोमवारी के मद्देनजर जिलेभर में प्रशासनिक व्यवस्था काबिले तारीफ रही। बक्सर से ब्रह्मपुर तक बड़ी संख्या में दंडाधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस बल को तैनात किया गया था। बक्सर में रामरेखा घाट, गौरीशंकर मंदिर, नाथ मंदिर के अलावे शहर के विभिन्न नुक्कड़ों पर भी दंडाधिकारी तैनात किए गए थे। वहीं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए भी माकूल इंतजार किए गए थे। वहीं ब्रह्मपुर मंदिर के अलावे सोखाधाम मंदिर प्रशासन के नजर में महत्वपूर्ण था जहां बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे।

## एक नजर

### बक्सर के युवक की कैमूर में पीपल के पेड़ से लटका मिला शव, परिजन जता रहे हत्या की आशंका



**राजपुर।** राजपुर थाना क्षेत्र के रूपापोखर गांव के एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। उसका शव कैमूर जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के एक पीपल के पेड़ से लटकते पाया गया। उसके परिजन उसकी हत्या की आशंका जता रहे है तथा आरोप उसकी पत्नी तथा ससुराल वालों पर लग रहा है। लेकिन शाम तक इस मामले में एफआईआर दर्ज नीं हुआ था। मृतक की पहचान राजपुर थाना क्षेत्र के रूपापोखर गांव के सत्यनारायण राय के 29 वर्षीय पुत्र संजय राय के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार काम धंधे को ले उसे अपनी पत्नी ममता देवी के साथ अक्सर विवाद होता था। शनिवार को भी दोनों के बीच विवाद हुआ था। तब उसकी पत्नी अपने मायके गाजीपुर जिले के उसिया चली गई थी। परिजनों का आरोप है कि शाम को उसके मायके वाले टेम्पो से आए थे तथा उसे जबरदस्ती लेकर अपने साथ गए थे। रविवार को उसका शव कैमूर जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र स्थित रोहिणी गांव के पास एक पीपल के पेड़ से लटकता मिला था। उस समय पहचान नहीं होने पर उसे अज्ञात मानकर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा दिया था। ज्ञात होते ही शव को सोमवार के दिन परिजनों को सौंप दिया है। वही शव की शिनाख्त के बाद से ही उसकी पत्नी ममता देवी तीन बच्चों के साथ गायब हो गई इस मामले में गांव में कई तरह की चचाएं हो रही हैं। इस मामले में अभी तक परिजनों के तरफ से कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई है। वही राजपुर अपर थाना अध्यक्ष संजय पासवान ने बताया कि सूचना मिलते ही मामले की जांच की जा रही है। परिजनों द्वारा एफआईआर दर्ज कराने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### प्रवेशोत्सव- विशेष नामांकन अभियान रथ को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**बक्सर।** 10 जुलाई को जिला पदाधिकारी बक्सर अंशुल अग्रवाल के द्वारा बक्सर नगर भवन से प्रवेशोत्सव विशेष नामांकन अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अभियान के माध्यम से वर्ग 8 वीं पास सभी विद्यार्थियों का नामांकन वर्ग 9 वीं में शत प्रतिशत सुनिश्चित करते हेतु छीजित बच्चों को भी विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करेंगे। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान



बक्सर के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि कला जत्था की दो टीम 10 जुलाई से 30 जुलाई तक सभी प्रखण्डों में भ्रमण कर नामांकन हेतु प्रचार-प्रसार के माध्यम से अभिभावकों एवं बच्चों को विद्यालय से जोड़ने हेतु जागरूक किया जाएगा। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान बक्सर के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि इस प्रचार प्रसार के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है ताकि कोई बच्चा नामांकन से वंचित नहीं रह जाये।

## मुरार पुलिस के हत्थे चढ़ा अंतरजिला वाहन चोर गिरोह

**केटी न्यूज/चौगाईं**

मुरार पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक अंतरजिला बाइक चोर गिरोह का उद्भेदन किया हैं। इस दौरान पुलिस ने चोरी की दो बाइकों के साथ बक्सर, भोजपुर तथा रोहतास जिले से एक-एक नाबालिक चोरों को गिरफ्तार कर उन्हें बाल सुधार गृह भेजा हैं। जबकि मुख्य सरगना फरार हो गया हैं। मुख्य सरगना की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही हैं।

शुक्रवार की शाम मुरार पुलिस थाना क्षेत्र के चौगाईं पेट्रोल पंप के पास वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान स्थानीय एक किशोर को बाइक चलाते हुए देख थानाध्यक्ष ने उसे रोक कागजातों की मांग की। वह न तो पुलिस को कागजात दिखा सका

♦ **तीन नाबालिक चोरों के साथ दो बाइक बरामद, फरार हुआ मुख्य सरगना**

और न ही कोई संतोषजनक जबाव ही दे पाया। इसके बाद पुलिस ने उसकी सीटी 100 बाइक जिसका नंबर बीआर 03टी 6802 को जब्त कर किशोर को लेकर थाने आया। यहां पूछताछ के दौरान उसने बताया कि यह बाइक रोहतास जिले के कराकाट थाना क्षेत्र के बदिला डीह गांव निवासी एक किशोर से लिया है। इसके बाद पुलिस ने बदिला डीह पहुंच उक्त किशोर को भी पकड़ा तथा उससे पूछताछ के दौरान यह पता चला कि एक पैशन प्रो बाइक भोजपुर जिले के अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के अमेहता गांव निवासी एक किशोर को भी दिया है। पुलिस ने उक्त किशोर को हिरासत में लेने के बाद पैशन प्रो बाइक भी जब्त कर लिया। इसके बाद जब पुलिस ने भोजपुर व रोहतास निवासी किशोरों से पूछताछ की तो दोनों ने बताया कि रोहतास जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के सदयां गांव निवासी अंकित कुमार ने उन्हें यह बाइक दिया है। किशोरों ने बताया कि अंकित के पास ऐसी और बाइकें भी हैं। जिसके बाद पुलिस ने सदयां में छापेमारी अभियान चलाया। लेकिन मुख्य सरगना फरार हो चुका था। उसके पास से चोरी की बाइक भी नहीं मिली। समाचार लिखे जाने तक रोहतास पुलिस के सहयोग से मुरार पुलिस अंकित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। इधर तीनों किशोरों से आवश्यक पूछताछ के बाद उन्हें बाल सुधार गृह भेज दिया गया हैं।

### फोटो स्टेट दुकानदार को गोली मार किया जख्मी, जांच में जुटी पुलिस

**बक्सर।** सोमवार की शाम औद्योगिक थाना क्षेत्र के दुधारचक मोड़ के पास बाइक सवार अपराधियों ने एक व्यक्ति को गोली मार जख्मी कर दिया है। जख्मी व्यक्ति उमेश राय उम्र 45 वर्ष इसी थाना क्षेत्र के उमरपुर गांव का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार वह बक्सर समाहरणालय के पास फोटो स्टेट की दुकान का संचालन करता है। सोमवार की शाम वह दुकान बंद कर अपने गांव लौट रहा था। शाम करीब छह बजे वह दुधारचक के पास पहुंचा था कि तीन की संख्या में अपराधियों ने उसे गोली मार दिया। उसे दो गोली लगी है। एक गोली हाथ व दूसरी कंधे में लगी है। गंभीर अवस्था में उसका इलाज बक्सर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट चुकी है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि तीन अज्ञात हमलावरों ने उस पर गोली चलाई है। औद्योगिक थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि अभी तक पीड़ित द्वारा लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

## बक्सर जिले को नशामुक्त और संस्कारयुक्त बनाने का है हमारा लक्ष्य: मिथिलेश पाठक

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर को नशामुक्त बनाना तथा यहां के युवाओं को संस्कारवान बनाना हमारा लक्ष्य हैं। युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए भी कई योजनाएं तैयार की गई है। जल्द ही इस पर काम शुरू होगा। उक्त बातें जिले के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता मिथिलेश पाठक ने सोमवार को कही। वही जिले के युवाओं ने उनके सम्मान में एक विशाल रैली निकाली।



यह रैली किला मैदान से शुरू हुआ तथा वहां से निकल उनका कारवां पीपी रोड से गोलंबर पहुंचा। यहां एक सभा का आयोजन हुआ। जिसे संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास बक्सर को संस्कार युक्त व नशा मुक्त बनाना हैं। युवाओं ने मेरे प्रति जो स्नेह व प्रेम दिखाया है उससे मैं अभिभूत हूं। मैंने यह संकल्प लिया है कि बक्सर के लिए कुछ नया करने का, युवाओं को रोजगार से जोड़ने का। लोगों को मुलभूत सुविधाएं मुहैया कराने का। यहां के लोगों को जो कमियां खटकती हैं उसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा। हालांकि पाठक किसी दल से नहीं जुड़े हैं, लेकिन रैली के दौरान युवां उनके जिन्दाबाद के नारे लगा रहे थे। माना जा रहा है कि वे लोकसभा चुनाव की तैयारी कर रहे है। उनका कहना था, अभी चुनाव दूर है। लेकिन, हमारा प्रयास है। युवाओं को एकजुट कर एक नई पहल शुरू करने की। उनसे यह सवाल भी पूछा गया अगर आप चुनाव लड़ेंगे तो किस दल के साथ जाएंगे। उनका कहना था, यह तो भविष्य का सवाल है। फिलहाल हम किसी दल के साथ नहीं हैं। हालांकि रैली में शामिल युवा लाल साफा बांधे थे।




### 74वां वन महोत्सव संपन्न, पौधरोपण कर डीएम ने पेड़े पौधों को बचाने का दिलाया संकल्प

# अधिक से अधिक पौधे लगाएं व उसकी देखभाल करें

**केटी न्यूज/बक्सर**

वन पर्यावरण एवं जलवायु विभाग, बिहार सरकार तथा वन प्रक्षेत्र भोजपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 74 वां वन महोत्सव कार्यक्रम सोमवार को एमपी हाई स्कूल बक्सर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत डीएम अंशुल अग्रवाल द्वारा पौधरोपण कर की गई। इसके बाद डीएम ने वन विभाग, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण व जीविका द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण किया। अपने संबोधन में डीएम ने उपस्थित लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें पर्यावरण को बचाने क लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उसकी देखभाल करने की नसीहत दी। वही उन्होंने इस वर्ष पौधरोपण के लक्ष्य को पूरा करने के



लिए सभी विभागों को समन्वय स्थापित कर लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के लक्ष्य को पूरा करने में सरकारी विभागों के अलावे निजी संस्थानों, मीडिया व छात्रों की भूमिका अहम हैं।

**पर्यावरण की चुनौतियों से निपटने में सबका सहयोग जरूरी :** डीएम ने कहा कि हमारा पर्यावरण काफी बिगड़ चुका है। बढ़ती आबादी की आवश्यकताओं को पूरा करने में हम प्रकृति को काफी नुकसान पहुंचा रहे है। पेड़ पौधों की अंधाधूंध कटाई से जिले में भी पर्यावरण को खतरा पहुंचा हैं। इस बार जिले में पड़ी भयंकर गर्मी इस बात की संकेत हैं। हमें अभी से भी सावधान होना पड़ेगा तथा अपने पर्यावरण को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए मिलकर प्रयास करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधों की संख्या बढ़ाकर ही पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकता है। वही डीएम ने कहा कि प्लास्टिक हमारे पर्यावरण का सबसे बड़ा दुश्मन है। हमे इसके उपयोग से परहेज करना चाहिए तथा इसके बदले कपड़े का थैला उपयोग में लाना चाहिए। डीएम ने कहा कि प्लास्टिक के कैरी बैग पर रोक लगाई जा चुकी है। बहुत जल्द जिलेभर में इसके खिलाफ छापेमारी अभियान भी चलाया जाएगा। अंत में उन्होंने पौधरोपण का लक्ष्य बढ़ाने तथा प्लास्टिक मुक्त बक्सर बनान के लिए उपस्थित लोगों को संकल्प दिलवाया। इस मौके पर वनों के क्षेत्र अधिकारी, प्राचार्य एम पी हाई हाई स्कूल बक्सर, वनरक्षी, स्कूल के छात्र छात्राएं समेत कई अन्य उपस्थित थे।

## खबरें फटाफट

### कल रोजगार मेला

**बलिया।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बलिया में 12 जुलाई 2023 को टाटा मोटर्स लिमिटेड लखनऊ द्वारा कैम्पस प्लेसमेन्ट का आयोजन किया गया है। जिसमें व्यवसाय मोटर मैकेनिक, फिटर, टर्नर, वायरमैन इलेक्ट्रानिक, इलेक्ट्रीशियन, इत्यादि व्यवसायों से उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थी जिनकी उम्र 18 वर्ष से 23 वर्ष हो रोजगार मेले में प्रतिभाग कर रोजगार पा सकते हैं। मानदेय प्रतिमाह 13000 रुपए एवं नि:शुल्क 03 वर्ष का मेक्ट्रानिक्स से डिप्लोमा कम्पनी द्वारा प्रदान किया जाएगा।

### दबंग ने कुलदीप पर चलाई गोली

**बलिया।** सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के हरदिया गांव में सोमवार की सुबह एक दबंग द्वारा गोली चलाने से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। वहीं पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी। पीड़ित ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र के हरदिया गांव निवासी पीड़ित कुलदीप सिंह ने पुलिस को बताया कि गांव में एक अपराधिक किस्म का लड़का है। वो अवैध रूप से कट्टा व धारदार हथियारों से लैस होकर चलता है। विगत कुछ दिनों पहले उसके साथ हम प्रार्थी की छोटी सी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उसी मामलों को लेकर दबंग युवक करीब दर्जनों साथियों को लेकर घर से बाइक से निकला। सुबह वो अपने घर के बाहर पुलिया पर बैठा था, तभी दबंग युवक अपने साथियों के साथ कट्टा, लाठी, डंडा व धारदार हथियार लेकर आए और पहले उस पर कई बार वार किया। जब वो जान बचाकर भागने लगा तो दबंग युवक ने फायरिंग किया।

### नग्नावस्था में ट्रैक के किनारे मिला युवक का शव

**बांसडीहरोड।** थाना क्षेत्र के बघौली गांव के समीप रेलवे ट्रैक के किनारे एक अज्ञात युवक का नग्नावस्था में शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जें में लेकर शिनाख्त करने का प्रयास किया। लेकिन नहीं हो सका। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया। आपको बताते चले कि क्षेत्र के बघौली गांव के समीप सोमवार के दिन रेलवे ट्रैक के किनारे एक करीब 20 वर्षीय अज्ञात युवक का शव किसी ने देखा। देखते ही देखते घटनास्थल पर भीड़ जुट गयी।इसकी सूचना पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय पुलिस तथा रेलवे पुलिस पहुंच गयी। स्थानीय पुलिस ने शव का शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस को शिनाख्त में सफलता नहीं मिली। मृतक युवक के शरीर पर कोई कपड़ा नहीं था। घटनास्थल पर जुटे लोगों द्वारा नग्नावस्था में मिले युवक के शव को देख तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।

## पहली सोमवारी पर गाजीपुर, बलिया और मऊ के शिवालयों पर उमड़ी भक्तों की भीड़

# महाहरधाम में जलाभिषेक करने के लिए कई जनपद से उमड़ा शिवभक्तों का जनसैलाब



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

सावन माह के पहले सोमवार को शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में देवाधिदेव के दर्शन-पूजन की धूम रही। जनपद मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर प्रसिद्ध महाहर धाम पर भगवान भोलेनाथ का पूजा-अर्चना और जलाभिषेक करने के लिए बड़ी संख्या में कावंरिया शहर के विभिन्न गंगा घाटों से स्नान कर गंगाजल लेकर महाहर धाम के लिए रवाना हुए। गंगा घाट से लेकर धाम तक पुलिस प्रशासन घूमती नजर आई। घाट-घाट पर स्वास्थ्य विभाग की टीम भी लगी रही। भक्तों के लिए सावन माह का विशेष महत्व होता है। पूरे माह भक्त भगवान शिव की आराधना में लीन रहते हैं। सावन माह की शुरूआत हो चुकी है। इस बार 59 दिन के सावन मास में आठ सोमवार पड़ रहे हैं। पहली सोमवार को लेकर श्रद्धालु काफी उत्साहित हैं।

कांवरिया कहीं लगाए बोल बम के नारा, तो कहीं लगाए ठुमके। कांवरियां मरदह स्थित महाहर धाम में जलाभिषेक करने के लिए। धाम पर जनपद सहित आस-पास के अन्य जिलों के भक्त भी। भोलेनाथ के चरणों में फूल-माला, भांग, धतूरा, दूध आदि चढ़ाकर उनसे परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

इसके अलावा जमानिया के महेवा गांव स्थित बाबा महेश्वरनाथ मंदिर, जखनियां क्षेत्र के बुढ़ानपुर स्थित दुग्धेश्वर महादेव मंदिर, करीमुद्दीनपुर स्थित ऊंचाडीह नागेश्वर महादेव मंदिर, असावर स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर, कासिमाबाद के सुकहां स्थित शिव मंदिर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित अन्य शिवालयों में आज से देवाधिदेव के पूजन-अर्चन की धूम शुरू हो गई। सुबह से देर शाम तक हर-हर महादेव का जयकारा गुंजायमान रहेगा। पहले सोमवार पर जलाभिषेक के लिए शहर के गंगाघाटों पर कांवरियां रात से ही पहुंचे। स्नान व पूजन-अर्चन के बाद गंगाजल लेकर महाहर धाम के लिए रवाना हुए। घाट पर सफाई को लेकर पुख्ता इंतजाम किया गया था। साफ-सफाई के लिए सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

**मऊ : शिवमय हुआ माहौल, गूंजता रहा हर हर महादेव का ननारा**

सावन मास के सातवें दिन एवं प्रथम सोमवार को मोहम्मदाबाद गोहना कस्बे के विभिन्न शिव मंदिर तथा शिवालयों में सुबह से ही भक्तों का रेला लगा रहा। वहीं कस्बे के कांवरिया संघ के लोगों द्वारा प्रातः गाजीपुर से जल लेकर अपने वाहन से कस्बे के मोहल्ला सैदपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। श्रद्धलुओं द्वारा हर हर महादेव का नारा गूंज रहा था और पूरा माहौल शिवमय हो गया। सावन के प्रथम सोमवार को देखते हुए विभिन्न शिव मंदिर तथा शिवालयों में पुलिस एवं महिला पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रही। वहीं प्रातः पुलिस उपाधीक्षक डॉ. अजय विक्रम सिंह तथा कोतवाल संजय त्रिपाठी समेत विभिन्न क्षेत्रों में स्थित शिव मंदिरों पर उप निरीक्षक तथा पुलिस के जवान भक्तों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो मुस्तैदी से डटे रहे। सावन मास को लेकर सुबह से ही महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग तथा बच्चों ने शिवालयों में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इस मौके पर प्राचीन शिव मंदिर के पुजारी मुकुंद पाठक तथा विग्नेश पांडेय ने बताया कि सावन मास में जो भी भक्तगण शिव मंदिर तथा शिवालयों में रूद्र अभिषेक कर पूजन पाठ विधि विधान से करता है भगवान उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं।

## बलिया : शिवालयों में गूंजते रहा हर हर महादेव का नारा

सावन माह के पहले सोमवार को शिवालय बाबा भोलेनाथ के जयकारों से गूंजते रहे। भक्तों ने बेलपत्र, भांग, धतूरा, दूध, गंगाजल आदि चढ़ाकर परिवार की मंगल कामना की। भक्तजन शिवालयों में पूजन अर्चन करने के साथ ही दूध, गंगाजल से रुद्राभिषेक किया। वहीं, घंट-घडियाल बजाकर हर-हर महादेव के जयकारे लगाए। इससे पूरा वातावरण शिवमय हो गया। नगर के बालेश्वर मंदिर, कैलास धाम मंदिर, मिड्ढी स्थित शिव मंदिर व भृगु मंदिर सावन के पहले सोमवार को जबर्दस्त भीड़ उमड़ी। इस दौरान बाबा के भक्तों ने पूजन अर्चन कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। उधर, नगर से सटे देवकली गांव स्थित देवकलेश्वर मंदिर, नगरी स्थित नटकेश्वर मंदिर, मिड्ढा के बाजार व गोरथाना के पोखरा स्थित शिव मंदिर, निधरिया स्थित पंच मंदिर, हनुमानगंज स्थित कपिलेश्वर मंदिर पर शिव भक्तों ने पूजन अर्चन किया।



ग्रामीण क्षेत्र के दिउली स्थित बाबा बालखंडी नाथ, छितौनी स्थित बाबा छितेश्वर नाथ, सहतवार कस्बा स्थित पंच मंदिर, असेगा स्थित शोकहरण नाथ, कारो स्थित कामेश्वर नाथ, कोटवा स्थित बाबा मुक्ति नाथ, रसड़ा स्थित श्रीनाथ व लखनेश्वर डीह शिवालयों में जबर्दस्त भीड़ देखी गई। वहीं बड़सरी स्थित अवनी नाथ, भड़सर स्थित दुःखहरण नाथ, ब्यासी स्थित हरिहर नाथ, नगवां स्थित नागेश्वर नाथ, इब्राहिमपट्टी स्थित अवभूतेश्वर नाथ, बांसडीह कस्बा स्थित भुटेश्वर व रघुवेश्वर नाथ, थम्हनपुरा स्थित बाबा धर्मेश्वर नाथ मंदिर पर बाबा के भक्तों ने वेलपत्र, भांग, धतूरा, भस्म, चंदन, फूल-माला, प्रसाद आदि चढ़ाकर पूजन-अर्चन कर परिवार के मंगलमय की कामना की।



## एक नजर

### बलिया में जमीन विवाद को लेकर हुई बहस में सगे भाइयों ने पिता को उतारा मौत के घाट

**बलिया।** सहतवार क्षेत्र के वार्ड नंबर एक दलित बस्ती में रविवार को सगे भाइयों ने अपने ही पिता को लाठी डंडों से पीटकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद से क्षेत्र में अफवाहों का बाजार गर्म है। बता दें कि मोतीलाल राम 75 वर्ष से अक्सर उसके पुत्र जमीनी बंटवारे को लेकर विवाद करते रहते थे। मोतीलाल के चार पुत्र और तीन बेटियों की शादी के बाद उसने चारों बेटों के नाम पर अपनी संपत्ति का बंटवारा कर दिया था। लेकिन यह बात दूसरे और तीसरे नम्बर के पुत्र को नागवार गुजरी। और इसको लेकर दोनो पुत्रों का अपने पिता से अक्सर झगड़ा होता रहता था। इसी बात को लेकर रविवार को भी दोनो भाइयों ने मिलकर अपने पिता पर जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर हालात में पिता को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान रात करीब आठ बजे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।



### अलग अलग स्थानों पर दो युवकों ने लगाई फांसी

**मऊ।** जनपद में अलग अलग स्थानों पर दो युवकों फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। घोसी थाना क्षेत्र के विक्कमपुर गांव में अपने घर से 50 मीटर दूर शीशम के पेड़ से शर्ट का फंदा बनाकर संदिग्ध परिस्थितियों में युवक आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि पंकज चौहान पुत्र संतोष चौहान 19 वर्ष निवासी विक्कमपुर थाना घोसी अपने घर से 50 मीटर की दूरी पर शीशम के पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में अपने शर्ट का फांसी फंदा बनाकर शीशम के पेड़ पर आत्महत्या कर लिया। जब लोगों ने देखा तो परिजनों को सूचित किया। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे घर परिवार में कोहराम मच गया। वहीं स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चर्चा व्याप्त है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसी क्रम में हलधरपुर थाना क्षेत्र के गढ़वा गांव में एक 26 वर्षीय युवक संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार कुलदीप राजभर पुत्र हरिराम राजभर 26 वर्ष निवासी गढ़वा थाना हलधरपुर के परिजन सोमवार की दोपहर को घर से बाहर खेत में काम करने गए हुए थे। उसी बीच छत के हुक में रस्सी लगाकर फांसी पर झूल गया।देखते देखते ग्रामीण इकट्ठा हो गए तभी किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा आज से शुरू

**मऊ।** जिले में विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा 11 जुलाई से शुभारंभ होकर 31 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मी, आशा और एएनम घर घर पहुंच कर परिवार नियोजन की जानकारी देगी। नवागत सीएमओ डॉ. नंद कुमार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रेक्षित विश्व जनसंख्या दिवस पखवाड़ा 2023 का थीम है। हम लेंगे यह संकल्प-परिवार नियोजन को बनाएंगे खुशियों का विकल्प इस वर्ष की थीम हमारी आजादी के अमृत महोत्सव से प्रेरित है। जिसका मुख्य उद्देश्य आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर परिवार नियोजन खुशहाली और समृद्धि के रूप में अपनाएं तथा जनसाधारण को सीमित परिवार के बारे में जागरूक बनाने के साथ ही परिवार नियोजन कार्यक्रम को गति प्रदान करने हेतु प्रेरित करें। कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम को रफ्तार देने की जरूरत है। इसलिए इस कार्यक्रम से जुड़े सभी लोगों को इसके लिए जिम्मेदारी निभानी होगी। विश्व जनसंख्या पखवाड़े के दौरान प्रत्येक स्वास्थ्य इकाइयां अधिक से अधिक सेवाएं दिलाने पर जोर दिया गया।

## गाजीपुर जनपद में 11 से 12 जुलाई के मध्य होगा नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 योजना के अन्तर्गत जुलाई-2023 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न (गेहूँ एवं चावल) का निःशुल्क वितरण` माह जुलाई 2023 में 11 से 22 जुलाई 2023 के मध्य निःशुल्क वितरण कराया जाएगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 योजना के अंतर्गत वितरण के लिए आवंटित गेहूँ तथा चावल का अन्त्योदय राशन कार्डो पर 14 किग्रा गेहूँ तथा 21 किग्रा चावल (35 किग्रा खाद्यान्न) प्रति कार्ड एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डो से संबद्ध यूनिटों पर दो किग्रा गेहूँ व तीन किग्रा चावल ( 05 किग्रा0 खाद्यान्न) प्रति यूनिट के आधार पर निःशुल्क वितरण किया जाना है। अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी



लाभार्थियों को 01 जनवरी 2023 से आगामी एक वर्ष तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरित कराए जाने में आने वाले सम्पूर्ण व्ययभार का वहन भारत सरकार द्वारा किया जाएगा। ई-पॉस मशीन से निकलने वाली वितरण पर्चियों पर गेहूँ, चावल तथा चयनित जनपदों में बाजरा निःशुल्क होना स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाएगा तथा ई-पास मशीनों के माध्यम से वितरण के समय उपभोक्ता/लाभार्थी को मिलने वाली प्रिंट रसीद में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का लोगों प्रिंट करने की कार्रवाई जनपद में कार्यरत सिस्टम इन्टीग्रेटर्स द्वारा सुनिश्चित कराया जाएगा।

जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक उचित दर दुकान पर खाद्यान्न के भौतिक सत्यापन के लिए नोडल अधिकारी नामित किया गया है, जिनका दायित्व है कि वितरण के पूर्व खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन कर लें तथा आख्या सम्बन्धित उपजिलाधिकारी के कार्यालय में प्रेषित करे। राशनकार्ड धारकों को पोर्टेबिलिटी के अन्तर्गत खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी अर्थात यदि किसी कार्डधारक को अपनी राशन की दुकान से खाद्यान्न प्राप्त करने मे असुविधा हो तो वह पोर्टिबिलीटी के माध्यम से किसी अन्य उचित दर दुकान से प्राप्त कर सकता है।

## बलिया जिलाधिकारी ने की जनपद के सभी विकास कार्यों की समीक्षा

# तय समय करें परयोजनाओं का कार्य पूरा : डीएम

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन के सभागार में निर्माण कार्य से संबंधित कार्यदाई संस्थाओं की बैठक आयोजित की गई। इसमें पिछली बैठक मैं संपन्न हुए कार्यों की प्रगति के बारे में जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा की गई। उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम लिमिटेड के द्वारा बनाए जा रहे पुलिस आवास कॉलोनी के टाइप-बी भूतल छत की शटरिंग की कार्य प्रगति और प्रशासनिक भवन के निर्माण कार्य के बारे में समीक्षा की गई। बलिया के तहसील बेल्थरा रोड पर अग्निशमन भवन का निर्माण हो गया है। राजकीय इंटर कॉलेज सिकंदरपुर में बिजली कनेक्शन और लैट्रिन का कार्य अभी बाकी की है और विद्यालय का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। उन्होंने कहा कि विद्यालय



का परिसर सुंदर दिखना चाहिए और रास्ते संबंधित कार्यों के लिए वीडीओ से बात करके रास्ते सही कराने का निर्देश दिए। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज और राजकीय डिग्री कॉलेज बैरिया में बन रहे निर्माण कार्य की भी समीक्षा की गई।

वहीं, एक्वारी कलां में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत बन रहे हैं प्राथमिक हेल्थ सेंटर के टेंडर प्रक्रिया के बारे में समीक्षा की और निर्माण कार्य प्रगति रिपोर्ट देने को कहा। देवकली में बन रहे प्राथमिक हेल्थ सेंटर की भी समीक्षा की गई। इसकी कार्यदाई संस्था यूपी राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड है। बैरिया विधानसभा के नीरगा गांव में बन रहे राजकीय इंटर कॉलेज के भवन निर्माण कार्य की समीक्षा की गई इसके संबंध में जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था से पूरी डिटेल रिपोर्ट मांगी जिसमें वाल विकास ,रोड विकास और बाउंड्री वाल और पुताई जैसे कार्य शामिल हैं। नगरा ग्राम पंचायत में भवन निर्माण कार्य और रतसड कलां नगर पंचायत भवन निर्माण कार्य और नगर पालिका परिषद के लिगेसी वेस्ट के निस्तारण कार्य की समीक्षा की गई।इसी तरह यूपी राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड के द्वारा संयुक्त चिकित्सालय का निर्माण सोनबरसा बलिया में किया जा रहा है।

**15 अगस्त तक पूरा हो जाएगा ड्रग हाउस का निर्माण :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत भारत सरकार द्वारा स्वीकृत ड्रग हाउस का निर्माण कार्य 15 अगस्त तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यूपी राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा चितबड़ागांव सीएचसी का निर्माण किया जा रहा है और यही पर 50 देशों में आयुष हॉस्पिटल का निर्माण किया जा रहा है इन दोनों की भी समीक्षा की गई।


